राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796

क्रमांकःप.14(99)RSMSSB/अर्थना/जन.सम्पर्क.अधि./भर्ती/पात्रता–जांच/2021/749 दिनांक : 03.08.2022

–:: कार्यालय आदेश ::–

बोर्ड द्वारा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के लिये राजस्थान जनसम्पर्क अधीनस्थ सेवा नियम, 1975 यथा संशोधित एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्ते) नियम, 2014 के अन्तर्गत सहायक जनसम्पर्क अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा–2021 के लिये गैर अनुसूचित क्षेत्र के 69 एवं अनुसूचित क्षेत्र के लिये 07, कुल 76 पदों पर भर्ती हेतु बोर्ड द्वारा परीक्षा दिनांक 24.04.2022 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा का परिणाम बोर्ड द्वारा दिनांक 13.05.2022 को जारी किया गया है। बोर्ड द्वारा गैर अनूसूचित क्षेत्र के 69 पदों के विरूद्व 61 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 07 पदों के विरूद्ध 07 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन कर विभाग को दिनांक 09.06.2022 को पदस्थापन हेतु अभिशंषा भिजवाई जा चुकी है।

सहायक जनसम्पर्क अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा–2021 में सहायक जनसम्पर्क अधिकारी के पद पर गैर अनुसूचित क्षेत्र उत्कृष्ट खिलाडी एवं भूतपूर्व सैनिक श्रेणी में योग्य अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने कारण रिक्त पदों के विरूद्ध नीचे से दो गुणा(200%) अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच हेतु सूचीबद्ध किया गया है। ये सूचियां पूर्णतया अस्थाई एवं अनन्तिम (Purely Provisional) है। इन अभ्यर्थियों की पात्रता की जाँच मूल दस्तावेजों से की जानी है। साथ ही पात्रता एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थियों से विस्तृत आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) भी लिया जाना है। अतः सहायक जनसम्पर्क अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा–2021 में सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे **दिनांक 16.08.2022** को प्रातः 10.00 बजे से **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, दुर्गापुरा, जयपुर** पर पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें :–

NTSP

500016 501327 502323 502677 503233 503747 505019 505994 ***

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावें :–

1. जिन अभ्यर्थियों ने इस भर्ती हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता में अनुभव का लाभ लिया है, वे अभ्यर्थी किसी प्रतिष्ठित समाचार पत्र कार्यालय में या राज्य सरकार अथवा भारत सरकार के जन सम्पर्क विभाग में पत्रकारिता के 03 वर्ष के अनुभव की सक्षम प्राधिकारी का प्रमाण पत्र की प्रति आवश्यक रूप से अपने विस्तृत आवेदन के साथ संलग्न करें। साथ ही मूल प्रमाण पत्र भी दस्तावेज सत्यापन के समय साथ लेकर लावें।
2. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं सहायक जनसम्पर्क अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा–2021 के लिये दिनांक 24.11.2021 को जारी विज्ञापन संख्या 07/2021 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।
3. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटो प्रति स्वीकार नही की जायेगी।

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796

4. शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, मूल निवास, चरित्र, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने संबंधी **मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।**
5. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।
6. अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देशएवं विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
7. सभी वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी, जिनके परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से कम है तथा उन्होनें परीक्षा शुल्क रूपये 250/– ही जमा करवाये है, ऐसे अभ्यर्थी अपने परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से कम होने का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण–पत्र पात्रता की जांच एवं दस्तावेज के सत्यापन के समय आवश्यक रूप से लेकर आवें।

सचिव